दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 23 अगस्त 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 326

## महत्वपूर्ण एवं खास

### साउथ सुपरस्टार थलापति विजय की राजनीति में एंट्री, पार्टी का झंडा और चिह्न किया लॉन्च

**तमिलनाडु (आरएनएस)।** तमिल अभिनेता और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) प्रमुख थलापति विजय ने चेन्नई स्थित पार्टी कार्यालय में पार्टी का झंडा अनावरण किया। इस दौरान विजय ने कहा, 'मुझे पता है कि आप सभी हमारे पहले राज्य सम्मेलन का इंतजार कर रहे हैं। इसके लिए तैयारियां चल रही हैं और बहुत जल्द मैं इसकी घोषणा करूंगा। उससे पहले मैंने आज हमारी पार्टी के झंडा अनावरण किया है। मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। हम तमिलनाडु के विकास के लिए मिलकर काम करेंगे।' टीविके सितंबर के अंत में विल्लुपुरम जिले के विक्रवंडी में एक रैली की योजना बनाई गई है। इस रैली से टीवीके के औपचारिक शुभारंभ का प्रतीक होगी। थलापित विजय ने इस साल फरवरी में तमिझागा वेत्री कझगम के गठन की घोषणा की थी। अभिनेता की योजना अपनी आखिरी फिल्म परियोजना 'थलपति 69' को पूरा करने के बाद पूरी तरह से राजनीति में आने की है, जिसे फरवरी 2025 तक पूरा किया जाना है। उन्होंने अगले दो वर्षों में टीवीके के जमीनी स्तर के बुनियादी ढांचे का निर्माण करने का संकल्प लिया है और 2024 के लोकसभा चुनावों में किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन नहीं करने की बात स्पष्ट की है।

### सूडान में भारी बारिश और बाढ़ से अब तक 114 लोगों की मौत

**खार्तूम।** सूडान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि जून में शुरू हुई सूडान में भारी बारिश और बाढ़ के कारण अब तक 114 लोगों की मौत हो गई है। मंत्रालय के ऑटम इमरजेंसी रूम ने बुधवार को एक बयान में कहा कि 281 लोगों के घायल होने के साथ मरने वालों की संख्या बढक़र 114 हो गई है। इसके अतिरिक्त, दस राज्य प्रभावित हुए हैं, जिससे 27,278 परिवार और 110,278 व्यक्ति प्रभावित हुए हैं। 10 अगस्त को मंत्रालय ने जून और जुलाई के दौरान नौ राज्यों में बाढ़ और बारिश से 53 मौतों और 208 चोटों की सूचना दी थी। इससे पहले, देश के आंतरिक मंत्रालय ने घोषणा की थी कि 4,000 से अधिक घर पूरी तरह से ढह गए, 8,000 घर आंशिक रूप से ढह गए, 40 सार्वजनिक और निजी सुविधाएं क्षतिग्रस्त हो गईं और लगभग 832 वर्ग किलोमीटर कृषि भूमि क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि कई जानवरों की भी मौत हुई है।

### अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ से 10 लोगों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ के कारण दस लोगों की मौत हो गई है। देश के राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण के एक अधिकारी ने यह जानकारी साझा की है। प्राधिकरण के प्रवक्ता मुल्ला जनान सैक ने बताया कि हाल के दिनों में देश के कुछ हिस्सों में अचानक आई बाढ़ के कारण 10 लोगों की जान चली गई और आठ अन्य घायल हो गए। सैक ने बुधवार रात कहा कि प्राकृतिक आपदा की घटनाओं में 100 आवासीय घर पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट हो गए और कृषि भूमि को गंभीर नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण के कार्यवाहक प्रमुख ने सभी प्रांतीय अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया। मई के बाद से युद्धग्रस्त देश के विभिन्न हिस्सों में बारिश के कारण हुई दुर्घटनाओं में लगभग 400 लोगों की मौत हो गई है, सैकड़ों अन्य घायल हो गए हैं, साथ ही संपत्ति को भारी नुकसान हुआ है।

# जमशेदपुर में लापता प्रशिक्षण विमान के ट्रेनी पायलट का शव डैम से बरामद

**जमशेदपुर । आरएनएस**



जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से 20 अगस्त को उड़ान भरने के करीब 20 मिनट बाद लापता हुए विमान के ट्रेनी पायलट शुभ्रोजीत दत्ता का शव गुरुवार 10 बजे चांडिल डैम से निकाला गया।

मेन पायलट जीत शत्रु आनंद की तलाश में भारतीय नौसेना और एनडीआरएफ की टीम ऑपरेशन में जुटी हुई है।

ट्रेनी पायलट का शव बरामद होने के साथ ही यह बात साफ हो गई है कि विमान डैम में गिरकर क्रैश हुआ था। यह विमान अलकेमिस्ट एविएशन कंपनी का है, जो जमशेदपुर में पायलट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट चलाती है। विमान को पटना निवासी कैप्टन जीत शत्रु आनंद चला रहे थे, जबकि उनके साथ जमशेदपुर निवासी ट्रेनी पायलट शुभ्रोदीप दत्ता सवार थे।

विमान ने दिन के करीब 11 बजे उड़ान भरी थी और करीब 20 मिनट बाद एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) से उसका संपर्क पूरी तरह भंग हो गया था।

हादसे की आशंका को देखते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन ने पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई। मंगलवार दोपहर से ही विमान के लास्ट लोकेशन के आधार पर जमशेदपुर की दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी और आस-पास के इलाकों में तलाशी शुरू की गई। हेलीकॉप्टर से पूरा इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

पुलिस-प्रशासन की अलग-अलग टीमों ने भी झारखंड से लेकर पश्चिम बंगाल की सीमा तक खाक छानी। पश्चिम बंगाल सरकार को भी इसकी सूचना दी गई।

इस बीच चांडिल डैम में प्यालीडीह नामक स्थान पर स्नान कर रहे दो ग्रामीण तपन मांझी और रूसा मांझी ने तलाशी में जुटी पुलिस को बताया कि उन्होंने एक विमान को डैम में गिरते देखा था।

इनकी सूचनाओं के आधार पर बुधवार सुबह से एनडीआरएफ की टीम सर्च अभियान में जुटी है। विमान के पायलट जीत शत्रु आनंद के पिता एवं भाई और जमशेदपुर निवासी ट्रेनी शुभ्रोजीत दत्ता के पिता प्रदीप दत्ता एवं घर के अन्य लोग डैम के पास मौजूद हैं।

क्रैश हुआ टू-सीटर विमान अमेरिका में निर्मित है और इसका नाम 'सेशना 152' है। यह सिंगल इंजन का विमान है।

अलकेमिस्ट एविएशन प्रा. लिमिटेड की ओर से जमशेदपुर में पायलट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का संचालन वर्ष 2008 से ही किया जा रहा है। इसके संचालक मृणाल पॉल हैं। मार्च 2022 में भी इस इंस्टीट्यूट का एक प्रशिक्षण विमान सोनारी हवाई अड्डे दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। इस हादसे में दो पायलट जख्मी हो गए थे।

## एयर इंडिया की फ्लाइट में बम की धमकी, लैंडिंग के बाद तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर इमरजेंसी घोषित



**नई दिल्ली । आरएनएस**

एअर इंडिया के एक विमान में बम की धमकी मिली है। सूत्रों के मुताबिक, मुंबई से तिरुवनंतपुरम पहुंची एअर इंडिया की फ्लाइट में बम की धमकी के बाद यहां हवाई अड्डे पर पूरी तरह से यह इमरजेंसी घोषित कर दी गई।

इसके बाद, एअर इंडिया की फ्लाइट 657 को एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया। फ्लाइट को फिलहाल आइसोलेशन बे में रखा गया है। 135 यात्रियों और चालक दल के सभी सदस्यों को बाहर निकाला गया है। अधिकारी पूरे विमान का निरीक्षण करेंगे। एयरपोर्ट ने बयान जारी करते हुए कहा, 657 ने वीरवार को 07.30 बजे बम की धमकी की सूचना दी। एयरपोर्ट पर 07.36 बजे फुल इमरजेंसी घोषित की गई। विमान सुरक्षित रूप से लैंड हुआ। अब इसे आइसोलेशन बे में पार्क किया गया है, जहां निकासी प्रक्रिया शुरू हो गई है। जीवन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। एयरपोर्ट का संचालन फिलहाल निर्बाध है।

## ओला-उबर के विरोध में दिल्ली-एनसीआर में दो दिन तक ऑटो-टैक्सी की हड़ताल

**नई दिल्ली । आरएनएस**

दिल्ली-एनसीआर में ऑटो-टैक्सी चालकों ने गुरुवार से दो दिन की हड़ताल का ऐलान किया है। उन्होंने ओला-उबर के विरोध में हड़ताल का आह्वान किया है। ऑटो-टैक्सी चालक एसोसिएशन का कहना है ओला-उबर के कारण उनकी कमाई पर असर पड़ रहा है।

ऑटो-टैक्सी की हड़ताल पर टैक्सी चालकों की प्रतिक्रिया सामने आई है। टैक्सी चालक सुनील कुमार ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार के लिए हड़ताल की अपील की गई है। ओला-उबर में जो गाड़ी चलती है, उसके चलते हमारी गाड़ी नहीं चल पा रही है। हमें यूनियन की तरफ से आदेश आया है। उनका कहना है कि पहले सीएनजी 40 प्रति लीटर थी, लेकिन आज 70 से ऊपर है। किराया हमारा बढ़ाया नहीं है और 9 रुपये प्रति किलोमीटर का रेट हमें ओला-उबर से मिल रहा है, जबकि 15 रुपये प्रति किलोमीटर का रेट होना चाहिए।

उन्होंने कहा, ओला-उबर कंपनी अपना कमीशन तो पूरा ले रही है, लेकिन चालकों को ज्यादा कमीशन नहीं मिल रहा है। हमें घाटा हो रहा है और इस कारण गाड़ी की मेंटेनेंस का खर्चा भी नहीं निकल पा रहा है। हम लोग 10 से 15 घंटे तक काम करते हैं। तब जाकर 800 या 900 रुपए दिन में बच पाते हैं। हमारी यही मांग है कि किराया बढ़ाया जाए।

वहीं, ऑटो चालक संजय शर्मा ने कहा, हमें ओला, उबर और रैपिडो से बहुत दिक्कतें आ रही हैं। ऐप खोलने पर ऑटो का किराया कैब से ज्यादा दिखाई देता है। इस कारण सवारियां ऑटो को बुक नहीं करती, बल्कि वे बाइक सर्विस का इस्तेमाल करती हैं। इसलिए बाइक सर्विस को भी बंद किया जाए।

## 200 फीट गहरी खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस, 6 लोगों की मौत; 22 घायल

**लद्दाख । आरएनएस**



लद्दाख में एक गंभीर सडक़ हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए हैं। यह हादसा आज दुरबुक पहुंचने से तीन किलोमीटर पहले हुआ, जहां एक बस 200 फीट गहरी खाई में गिर गई।

लेह के जिला अधिकारी संतोष सुखदेव ने इस हादसे की पुष्टि की और कहा, आज एक बड़ा हादसा हुआ है, जो पूरे लद्दाख के लोगों के लिए दुखद है। बस में 27 लोग सवार थे जो लेह से दुरबुक की ओर जा रहे थे। इस दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई है। कई लोगों को फ्रैक्चर और गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों का इलाज जारी है और उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है। चश्मदीदों के मुताबिक बस का संतुलन बिगड़ गया जिससे ये हादसा हुआ। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों में चीख पुकार मच गई। खौफनाक घटना में 6 लोगों के मारे जाने की खबर है जबकि 22 लोग घायल हैं। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और राहत-बचाव का काम शुरू किया गया। सभी यात्रियों के परिजनों को मामले की सूचना दे दी गई है। जिन लोगों की हादसे में मौत हो गई है उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### मां विंध्यवासिनी के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार डिवाइडर से टकराई, एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

**आरा (आरएनएस)।** बिहार के भोजपुर जिले में गुरुवार को हुए सडक़ हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई इनमें दो महिलाएं भी शामिल थीं। सभी कार सवार मां विंध्यवासिनी के दर्शन कर लौट रहे थे। मामला गजराजगंज थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि कार सवार सभी लोग विंध्याचल से मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। तभी उनकी कार अचानक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के वक्त कार में करीब सात लोग सवार थे। इनमें से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, भोजपुर जिला के कमरिया गांव के सात लोग महिंद्रा एसयूवी कार से विंध्याचल माता के दर्शन करने के लिए गए थे। गुरुवार की सुबह ये सभी लोग वापस लौट रहे थे। इसी दौरान आरा-बक्सर फोरलेन पर बीबीगंज के समीप कार चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया और वे सडक़ के बीच डिवाइडर से जा टकराई। पुलिस ने बताया कि इस घटना में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गजराजगंज के थाना प्रभारी हरि प्रसाद शर्मा ने बताया कि यह दुर्घटना गुरुवार सुबह करीब छह बजे की है। दुर्घटना में पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग बुरी तरह घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए स्थानीय एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की स्थिति भी गंभीर बताई जा रही है।

## एटीएस ने 14 जगहों पर की ताबड़तोड़ छापेमारी; अलकायदा के सात आतंकी गिरफ्तार- हथियार बरामद

**रांची । आरएनएस**



झारखंड पुलिस के एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड) ने हजारीबाग, लोहरदगा सहित कई अन्य जिलों में एक दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान एटीएस आतंकी संगठन अलकायदा इंडियन सब कॉन्टिनेन्ट (एक्यूआईएस) से जुड़े सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक एके-47 सहित कुछ अन्य हथियारों की बरामदगी की भी सूचना है।

झारखंड एटीएस ने आधिकारिक तौर पर इन गिरफ्तारियों के बारे में खुलासा नहीं किया है। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए संदिग्ध आतंकियों के पास से कई दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जब्त किए गए हैं।

इन दस्तावेजों और उपकरणों की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ये लोग अलकायदा इंडियन सब कॉन्टिनेन्ट का विस्तार कर इससे युवाओं को जोडऩे, उन्हें कट्टरपंथी बनाने, भारत में शरिया कानून स्थापित करने और बांग्लादेश के खिलाफ युद्ध छेडऩे जैसे विषयों पर काम कर रह थे। एक्यूआईएस अफगानिस्तान, पाकिस्तान, भारत, बर्मा और बांग्लादेश में सक्रिय है। यह पहली बार नहीं है, जब झारखंड में आतंकी संगठनों से जुड़े लोग पकड़े गए हैं।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बीते साल अक्टूबर में आईएसआईएस के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था, जिनमें से दो शाहनवाज आलम और रिजवान अशरफ झारखंड के रहने वाले हैं। इनमें से एक शाहनवाज आलम एनआईए का मोस्ट वांटेड था और उस पर तीन लाख रुपए का इनाम घोषित था। वह हजारीबाग शहर के पगमिल-पेलावल का रहने वाला है।

एनआईए और एटीएस की जांच में पहले भी यह बात सामने आई है कि झारखंड के रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, रामगढ़, लोहरदगा, पाकुड़, गढ़वा और गिरिडीह जिले में आतंकियों के स्लीपर सेल सक्रिय हैं।

### डॉक्टर कर रहा था आतंकियों को लीड, देश को दहलाने की साजिश में 14 गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश की दहलाने की आतंकी साजिश का पर्दाफाश हो गया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आतंकी संगठन अलकायदा से प्रेरित 14 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इस मॉड्यूल को रांची का रहने वाला डॉक्टर इश्तियाक लीड कर रहा था। ये भारत में आतंकी वारदातों को अंजाम देने की फिराक में थे। मॉड्यूल के सदस्यों को हथियार चलाने की ट्रेनिंग अलग-अलग जगहों पर दी जा रही थी। राजस्थान के भिवाड़ी से हथियार चलाने का प्रशिक्षण ले रहे छह लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा झारखंड और यूपी से कुल मिलाकर करीब आठ संदिग्ध यानी 14 आतंकियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। आतंकी संगठन अल कायदा के खिलाफ दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की बड़ी कार्यवाही मानी जा रही है। आतंकियों से भारी तादाद में हथियार मिले हैं। रांची कटक अलीगढ़ में रेड्स हुई, कुल 14 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। आतंकियों के खिलाफ यह कार्यवाही पैन इंडिया की गई है।

## दिल्ली के सागरपुर में तीसरी मंजिल से गिरने से नाबालिग लड़की की मौत

**नई दिल्ली । आरएनएस**

पश्चिमी दिल्ली के सागरपुर इलाके में एक हादसे में एक नाबालिग लडक़ी की तीसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। यह पूरी घटना पास में ही लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के बाद लोगों में हडक़ंप मच गया।

सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में दिखाई दे रहा है कि लडक़ी अचानक ऊपर से बीच सडक़ पर गिरती है। जिसके बाद कई लोग चीखने-चिल्लाने लगते हैं। इसके बाद एक महिला मौके पर आती है और इस अप्रत्याशित दृश्य को देखकर घबराकर वहां से भाग जाती है। थोड़ी देर बाद लडक़ी के परिवार वाले घटनास्थल पर पहुंचते हैं और उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया जाता है। अस्पताल में इलाज के दौरान लडक़ी की मौत हो गई।

प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, संभावना जताई जा रही है कि लडक़ी बालकनी में खेलते समय गिर गई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि लडक़ी किस परिस्थिति में तीसरी मंजिल से गिरी। फिलहाल पुलिस आसपास के कुछ और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि बच्ची किन परिस्थितियों में नीचे आ गिरी।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना के कारणों की स्पष्ट जानकारी के लिए सभी संभावनाओं की जांच की जा रही है।

## काम पर लौटें डॉक्टर : 'हमने एक्सपर्ट कमेटी गठित की है', कोलकाता केस पर सुनवाई दौरान सुप्रीमकोर्ट की टिप्पणी

**नई दिल्ली । आरएनएस**

सुप्रीम कोर्ट ने हड़ताल पर गए डॉक्टरों से काम पर लौटने का आग्रह किया है। कोर्ट ने कहा डॉक्टरों के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं होगी। कोर्ट ने कहा हमें एक्सपर्ट कमेटी बनाई है। सीजेआई ने कहा कि अगर डॉक्टर ड्यूटी पर हैं तो उन्हें अनुपस्थित नहीं माना जाएगा लेकिन अगर वो ड्यूटी पर नहीं हैं तो कानून का पालन किया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि डॉक्टर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगा। उसके बाद कोई परेशानी होती है तो कोर्ट आ सकता है। कोर्ट ने कहा कि डॉक्टर अपने काम पर वापस लौटे। अगर काम पर वापस नहीं लौटते है तो सार्वजनिक प्रशासनिक ढांचा कैसे चलेगा। रहस्न में डॉक्टर शामिल होंगे क्योंकि रेसिडेंट डॉक्टर को आश्वस्त करें कि उनकी बात नेशनल टास्क फोर्स द्वारा सुनी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के कथित बलात्कार और हत्या से संबंधित मामलों की सुनवाई फिर से शुरू की। सीबीआई ने मामले की जांच पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर दी है।

मामले की सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार की खिंचाई की और बंगाल पुलिस के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप कुमार घोष की भूमिका की आलोचना की। पीठ ने घोष की भूमिका पर भी सवाल उठाया और कहा कि ऐसा लगता है कि हत्या को आत्महत्या के रूप में पेश करने का प्रयास किया गया था।

आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम के कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या मामले की स्वत: संज्ञान लेते हुए बीते मंगलवार को 10 सदस्यीय एक नेशनल टास्क फोर्स (एनटीएफ) का गठन किया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ अपना आदेश सुनाते हुए कहा कि यह टास्क फोर्स चिकित्सा से संबंधित पेशेवरों की सुरक्षा,भलाई और अन्य संबंधित मामलों पर गौर करेगी।

एनटीएफ के सदस्यों में सर्जन वाइस एडमिरल आर सरीन, डॉ. डी नागेश्वर रेड्डी, डॉ. एम श्रीनिवास, डॉ. प्रतिमा मूर्ति, डॉ. गोवर्धन दत्त पुरी, डॉ सौमित्र रावत, प्रोफेसर अनीता सक्सेना, प्रमुख कार्डियोलॉजी, एम्स दिल्ली, प्रोफेसर पल्लवी सप्रे, डीन ग्रांट मेडिकल कॉलेज मुंबई, डॉ पद्मा श्रीवास्तव, न्यूरोलॉजी विभाग, एम्स, राष्ट्रीय शामिल होंगे। भारत सरकार के कैबिनेट सचिव, भारत सरकार के गृह सचिव, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अध्यक्ष, राष्ट्रीय परीक्षक बोर्ड के



अध्यक्ष इसके पदेन सदस्य होंगे।

शीर्ष अदालत ने कोलकता में हुई इस भयावह घटना के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अलावा पश्चिम बंगाल सरकार से अलग-अलग जांच प्रगति विवरण 22 अगस्त तक पेश करने मंगलवार को निर्देश दिया। पीठ ने मामले की जांच कर रही सीबीआई को जांच की प्रगति विवरण 22 अगस्त 2024 अदालत में पेश करने का निर्देश दिया था।

### कोलकाता रेपकांड .. 30 साल में ऐसी लापरवाही नहीं देखी.. सीबीआई का दावा- सबूतों से हुई छेड़छाड़

**नई दिल्ली । आरएनएस**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस में वीरवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान ष्टक्चढ्ढ ने कोर्ट में कहा- क्राइम सीन से छेड़छाड़ हुई है। जस्टिस जेबी पारदीवाला ने कहा- कोलकाता पुलिस की भूमिका पर संदेह है। जांच में ऐसी लापरवाही अपने 30 साल के करियर में नहीं देखी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सुबह 10.10 बजे अननेचुरल डेथ की डायरी एंट्री हुई। ये परेशान करने वाली है। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि घटनास्थल पर कई अहम सुराग थे, लेकिन उसे संरक्षित करने में देर की गई. इसकी वजह से अहम सबूत मिट जाने का अंदेशा है। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि पंचनामा कब किया गया. इस पर सिब्बल ने कहा कि शाम 4.20 के बाद हुआ। सीजेआई ने कहा कि इस मामले में कोलकाता पुलिस के काम का तरीका सही नहीं. पुलिस ने कानून के तहत काम नहीं किया, उसकी हरकत संदेह के घेरे में है। जस्टिस पादरीवाला ने कहा कि 30 साल में ऐसा केस नहीं देखा. ये केस चौंकाने वाला है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामले में स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश कर दी। रिपोर्ट में सीबीआई ने बताया है कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले में अपराध स्थल से छेड़छाड़ की गई। इस पूरे मामले में लीपापोती की कोशिश की गई। सीबीआई ने अंतिम संस्कार के बाद एफआईआर दर्ज किए जाने पर भी सवाल उठाए।